NYC Office for the Prevention of Hate Crimes

# घृणा अपराध क्या है?

घृणा अपराध एक ऐसा अपराध है जो कुछ व्यक्तिगत विशेषताओं के खिलाफ पूरी तरह या काफी हद तक पक्षपात से प्रेरित होता है। न्यू यॉर्क राज्य कानून के अनुसार, किसी घटना को जातीय घृणा अपराध के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कोई अंतर्निहित अपराध होना चाहिए। इसका मतलब है कि अधिकारियों को पहले यह निर्धारित करना होगा कि कोई अपराध हुआ है। यदि यह निर्धारित होता है कि अपराध पक्षपात से प्रेरित था, तो मूल इल्जाम में जातीय घृणा अपराध के आरोपों को जोड़ा जा सकता है।

ये बढ़े हुए दंड मौजूद हैं क्योंकि किसी भी अपराध का पीड़ित पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, घृणा अपराध पीड़ितों को बहुत गहराई से और भावनात्मक स्तर पर प्रभावित करता है, और यह प्रभाव व्यापक होता है— यह पीड़ितों के अभिलक्षण को साझा करने वाले लोगों में भय और सामुदायिक अशांति पैदा करता है। कई प्रकार के अंतर्निहित अपराध हैं, जिन्हें पक्षपाती इरादे के साथ जोड़कर, घृणा अपराध माना जा सकता है, जिसमें शारीरिक हमला, मौखिक धमकी, डकैती और चोरी, और संपत्ति की क्षति जैसे ग्राफिटी शामिल हैं।

न्यूयॉर्क कानून विशेष रूप से यह भी प्रदान करता है कि जो कोई भी नफरत की ऐतिहासिक अभिव्यक्तियाँ स्वस्तिक या नूज़ उत्पीड़न, गुस्सा, धमकी या चेतावनी के इरादे से रखता या लगाता है—उन पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया जा सकता है।

## घृणा अपराध के उदाहरण

- ✔ ट्रेन में एक यात्री कहता है, "मुझे समलैंगिकों से नफरत है," और हाथ पकड़े हुए समान-लिंग के जोड़े को पीटने की धमकी देता है।
- ✔ किशोरों का एक समूह किसी इमारत पर एक स्वस्तिक पेंट कर देते हैं या किसी पेड़ से फंदा लटका देते हैं।
- ✔ कोई राहगीर किसी के चेहरे पर थूकता है और चिल्लाता है, "तुम एशियाई लोग कोरोनावायरस फैला रहे हो!"

## न्यू यॉर्क के घृणा अपराध कानून के तहत किन समूहों की पहचान की गई है?

न्यूयॉर्क राज्य कानून निम्नलिखित पहचानों पर विचार करता है जब यह निर्धारित करता है कि क्या एक अपराध पक्षपात से प्रेरित था:

- जाति या वर्ण
- धर्म या धार्मिक परंपराएं
- वंश या राष्ट्रीय मूल का स्थान
- लिंग
- यौन अभिविन्यास
- लिंग पहचान या अभिव्यक्ति
- विकलांगता
- उम्र

## यदि कोई अंतर्निहित अपराध नहीं है तो क्या होगा?

यदि कोई अंतर्निहित अपराध नहीं है, तो भी व्यक्ति पक्षपात और घृणा का शिकार हो सकता है। पक्षपाती घटना तब होती है जब कोई व्यक्ति मौखिक रूप से आपकी पहचान के आधार पर आपके साथ उत्पीड़न या भेदभाव करता है, लेकिन इस घटना में शारीरिक हमला, हमले का खतरा या संपत्ति की क्षति शामिल नहीं है।

पक्षपाती घटनाओं को भेदभाव के उदाहरण के रूप में गंभीरता से लिया जाता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे अपराध हों। कुछ पक्षपाती घटनाओं को संविधान के बोलने की आजादी के प्रावधानों द्वारा संरक्षित किया जा सकता है। अन्य लोग NYC मानवाधिकार कानून के तहत न्यूयॉर्क सिटी में नागरिक दंड को जन्म दे सकते हैं, जिसे NYC आयोग द्वारा मानवाधिकार पर प्रशासित किया जाता है।

## पक्षपाती घटनाओं के उदाहरण

- ✔ कोई व्यक्ति सड़क पर एक लैटिनक्स व्यक्ति के बगल से चलता हुआ चिल्लाता है, "मुझे मेक्सिको से नफरत है," और, "अपने देश में वापस जाओ!"
- ✔ किशोरों का एक समूह एक अश्वेत किशोर को "एन" से शुरू होने वाला शब्द कहता है।
- ✔ एक रेस्टोरेंट का मालिक पगड़ी पहने व्यक्ति से कहता है कि “मुसलमानों का यहाँ स्वागत नहीं है"।

# मुझे क्या करना चाहिए...

## ...यदि मुझे एक ग्राफिटी मिले जिसमें एक अभद्र भाषा या स्वास्तिक जैसा घृणा के प्रतीक शामिल है?

न्यू यॉर्क में ग्राफिटी एक अपराध है, और ऐसी ग्राफिटी जिसमें घृणास्पद भाषण या घृणा के प्रतीक शामिल हैं, उसे एक घृणा अपराध माना जा सकता है। स्वास्तिक और फंदा नफरत के सबसे आम प्रतीक हैं।

यदि आपको ऐसी ग्राफिटी मिले जिसमें अभद्र भाषा या नफरत के प्रतीक शामिल हैं, तो 911 पर कॉल करें और "घृणा अपराध" कहें। कानून प्रवर्तन के साथ साझा करने के लिए ग्राफिटी की तस्वीर लेना भी मददगार होगा।

## ...अगर मुझे लैम्पोस्ट पर एक सफेद सुप्रीमेसीस्ट समूह को बढ़ावा देने वाले स्टिकर या फ़्लायर दिखाई देते हैं?

भले ही स्टिकर, फ़्लायर, और पोस्टर पहले संसोधन द्वारा संरक्षित हैं और इन्हें घृणा अपराध नहीं माना जाता है, लेकिन पक्षपाती या घृणित संदेशों की रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है।

यदि फ़्लायर्स में स्वस्तिक या फंदा जैसी कुछ छवियां शामिल होती हैं, जिनसे सामग्री वितरित करने वाले लोगों के खिलाफ आरोप लग सकते हैं और इस बारे में आपको स्थानीय क्षेत्र को रिपोर्ट करनी चाहिए।

## ...यदि कोई पक्षपाती टिप्पणी करते हुए मुझे शारीरिक रूप से धमकी देता है?

संपर्क के बिना शारीरिक धमकी को भी अपराध माना जा सकता है। जब कोई व्यक्ति पक्षपातपूर्ण भाषा के साथ शारीरिक खतरे भी शामिल करता है, तो उसे घृणा अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

यदि कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से उलझने से पहले, चिल्लाता है कि "मैं तुम्हारे एशियाई चेहरे पर पंच मारूंगा," तो, यह एक घृणित अपराध हो सकता है और आपको 911 पर कॉल करके या अपने स्थानीय क्षेत्र की पुलिस के पास जाकर घटना की रिपोर्ट करनी चाहिए।

## ...यदि कोई मौखिक रूप से मुझे मेरी पहचान के बारे में परेशान करता है, लेकिन मुझे धमकी नहीं देता है या मुझे नहीं छूता है?

यदि कोई व्यक्ति आपकी जाति, राष्ट्रीय मूल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास या लिंग पहचान, विकलांगता, या किसी अन्य संरक्षित श्रेणी के कारण आपको परेशान करता है, जिसे भेदभावपूर्ण उत्पीड़न माना जा सकता है, तो आपको 311 पर कॉल करके "मानवाधिकार" कहना चाहिए या पक्षपाती घटना के बारे में NYC के मानवाधिकार आयोग से रिपोर्ट करनी चाहिए।

यदि आप जानते नहीं है कि उत्पीड़न भेदभावपूर्ण था या यदि यह आपकी पहचान पर आधारित था, तो फिर भी आप CCHR को कॉल या ईमेल कर सकते हैं और वे आपके अधिकारों को समझने और शिकायत दर्ज करने में आपकी सहायता करेंगे।

## ...मैं नहीं जानता/जानती कि क्या मैने घृणा अपराध या पक्षपाती घटना का सामना किया है?

अगर किसी ने आपको शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाया है या आपको नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है, तो आपको 911 पर कॉल करना चाहिए। लेकिन यदि आपको पक्का नहीं पता है कि आपको किसे कॉल करना चाहिए, तो आपको 311, या 911 पर बेझिझक कॉल करना चाहिए।

चाहे आप 311 या 911 पर कॉल करते हैं, आपकी शिकायत सही जगह पर भेज दी जाएगी। इस घटना की रिपोर्ट करना इस बात की चिंता करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि किस नंबर का उपयोग करें।

**क्या हुआ?**

**पक्षपातपूर्ण घटना** | **घृणा अपराध**

**मुझे क्या करना चाहिए?**

पक्षपातपूर्ण घटना: 311 पर कॉल करके "मानव अधिकार" कहें या CCHR को वेबसाइटमा पर भेदभाव की रिपोर्ट का फॉर्म भरें

घृणा अपराध: 311 पर कॉल करके "घृणा अपराध" कहें या स्थानीय क्षेत्र के पुलिस को कॉल करें

**आगे क्या होगा?**

आपको CCHR स्टाफ से जोड़ा जाएगा जो केस की जांच कर सकते हैं या आपको शिकायत दर्ज करने में मदद कर सकते है

आपको एक ऑपरेटर से जोड़ा जाएगा जो आपसे विवरण पूछेगा और इस बात का निर्धारण करेगा कि पुलिस को जांच के लिए भेजा जाना चाहिए या नहीं। आपके लिए भाषा सहायता उपलब्ध है और आपको आपकी आप्रवासी स्थिति के बारे में नहीं पूछा जाएगा।